दैनिक सवेरा

जालंधर, रविवार, 18 मार्च, 2012

विधायक विनोद शर्मा पिंजौर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए व अन्य। (सतपाल)

शिविर में जांच करवाने पहुंचे 500 रोगी

पिंजौर, 17 मार्च (सतपाल) : पिंजौर कालका क्षेत्र में पहली बार इतने बड़े स्तर के हृदय जांच शिविर में चैकअप करवाने पहुंचे क्षेत्र के सैंकड़ों लोगो ने अपनी भागीदारी दर्ज करवाई। पिंजौर हाईवे पर स्थित व्हाइट हाउस में अम्बाला हैल्थ केयर एंड वैल्फेयर सोसायटी द्वारा दो दिवसीय निशुल्क हृदय, दिमाग एवं बच्चों की जांच के शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन पूर्व राज्य मंत्री व अम्बाला के विधायक विनोद शर्मा ने किया। इस मौके पर बाल कल्याण परिषद एवं सोसायटी की उपाध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस मौके पर उन्होंने बताया कि डा. त्रेहन (हृदय रोग विशेषज्ञ) मेंदाता दी मैडीसिटी गुड़गांवा की वरिष्ठ डाक्टरों की टीम एवं चिल्ड्रन्स अस्पताल स्वास्तिक विहार पंचकूला के डाक्टरों द्वारा पिंजौर कालका में पहली बार विशाल निशुल्क हृदय, दिमाग एवं बच्चों की जांच एवं परामर्श दो दिवसीय कैंप लोगों की सुविधा के लिए लगाया गया है जिसमें पिंजौर, कालका, पंचकूला, चंडीगढ़ व

शिविर का दौरा करती सोसायटी की उपाध्यक्ष व उपस्थित डाक्टर व मरीज।

आसपास क्षेत्र के करीब 500 लोग चैकअप करवाने पहुंचे। जिनकी निशुल्क जांच के अलावा उन्हें दवाइयां भी निशुल्क दी गई। शक्ति रानी शर्मा ने बताया कि हृदय रोग चैकअप का अस्पताल इस क्षेत्र से दूर होने व महंगा होने के कारण लोग वहां पर नहीं पहुंच पाते थे इसलिए उनकी मांग पर शिविर का आयोजन पिंजौर में किया गया है। शिविर के पहले दिन जांच करवाने पहुंचे लोगों से क्षेत्र में कैंसर व आंखों के रोग के शिविर की भी मांग रखी। उनकी मांग पर विचार करते हुए सोसायटी ने निर्णय लिया है कि अगले माह से पिंजौर के गांवों में एक मोबाइल वैन जाएगी जिसमें डाक्टरों की टीम समेत उनके उपकरण भी उपलब्ध होंगे। शिविर के मुख्यअतिथि विनोद शर्मा ने बताया कि कैंप को सफल करने में व्हाइट हाउस के एम.डी. संत राम शर्मा ने भी अहम योगदान दिया है लोगों के स्वास्थ्य के लिए आगे भी ऐसे कैंप यहा लगते रहने चाहिए।